भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

icmr
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

**संख्या आईसीएमडी/डाटासेंटर/आरआईओ/स्टाफ़** **दिनांक** : 27.08.2026

## रिक्ति अधिसूचना

परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली की रिसर्च इंटीग्रिटी यूनिट में युवा पेशेवर-II के पद (1 पद) को भरने हेतु निम्नलिखित अर्हता रखने वाले इच्छुक उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू में उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया जाता है :-

| 1. | **पद का नाम** | **युवा पेशेवर-II** |
|---|---|---|
| | रिक्तियों की संख्या | 1 |
| | तैनाती का स्थान | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |
| | समेकित वेतन | रू 42,000-/ प्रति माह |
| | आयु सीमा | 40 वर्ष |
| | अनिवार्य अर्हता | जैव-सांख्यिकी/सांख्यिकी/जनसांख्यिकी/जनसंख्या अध्ययन/ जन स्वास्थ्य/चिकित्सा समाजशास्त्र/मानवविज्ञान में न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर के साथ संबंधित क्षेत्र में अर्हता अर्जित करने के पश्चात 1 वर्ष का अनुभव। |
| | वांछनीय अर्हता | • पांडुलिपि और अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने में उच्चस्तरीय वैज्ञानिक लेखन दक्षता।<br>• व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-विश्लेषण का पूर्व अनुभव।<br>• R और STATA जैसे सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर का उपयोग करने में उन्नत सांख्यिकीय मॉडलिंग तकनीकों का अनुभव।<br>• एनएफएचएस, एनएसएसओ, आईएचडीएस, जनगणना आदि जैसे व्यापक स्तरीय सर्वेक्षण डाटा का विश्लेषण करने का पूर्व अनुभव।<br>• बहु डाटा स्रोतों को मिलाकर डाटा फ़ाइल तैयार करने का पूर्व अनुभव।<br>• प्रथम या संबद्ध लेखक के रूप में वैज्ञानिक उद्धरण अनुक्रमित (एससीआई) पत्रिका में कम से कम एक/दो प्रकाशन। |
| | कर्तव्यों की प्रकृति | • आरआई सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए साहित्यिक चोरी (प्लेजरिज़्म) की जांच करना।<br>• आरआई से जुड़े मुद्दों पर बैठक आयोजित करने में सहायता करना।<br>• आरआई समीक्षा के लिए प्रस्तुत किए गए शोध लेखों का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना।<br>• शोध लेख लिखना।<br>• दिशा-निर्देश तैयार करना।<br>• हितधारक बैठकों, समीक्षा और परामर्श के लिए प्रजेंटेशन और सार तैयार करने में सहयोग करना।<br>• सौंपे गए अन्य कार्य। |
| | कार्यकाल | एक वर्ष, आवश्यकतानुसार विस्तार किया जा सकता है। |

**नोट** :

- सभी शैक्षिक अर्हताएँ/प्रमाण-पत्र मान्यता-प्राप्त बोर्ड/विश्विद्यालयों के ही मान्य होंगे।
- कुल अनुभव की गणना न्यूनतम शैक्षिक अर्हता अर्जित करने के पश्चात से की जाएगी।
- अनुभव प्रासंगिक विषय/कार्य-क्षेत्र से हो।

**आवेदन कैसे करें:**

- उपर्युक्त पात्रता को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार **दिनांक 22 सितंबर, 2026** को प्रातः **11:00 बजे से परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली** में आयोजित होने वाले **वॉक-इन-इंटरव्यू** में उपस्थित हो सकते हैं।
- इच्छुक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए **22 सितंबर, 2026 को प्रातः 9.30 बजे** तक परिषद मुख्यालय में अपना **पंजीकरण** करवाना होगा। पात्र उम्मीदवार को **निर्धारित प्रारूप (अनुलग्रक- क)** में विधिवत रूप से भरे हुए आवेदन के साथ **विस्तृत जीवन वृत्त/सीवी** और विधिवत रूप से **स्व-सत्यापित** अन्य अनिवार्य सहायक दस्तावेजों और प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में उपस्थित होना है। उम्मीदवार को आवेदन पत्र के सबसे उपर पदनाम और परियोजना का नाम लिखना होगा।
- यदि उम्मीदवारों की संख्या 30 से अधिक हो जाती है, तो साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की छंटनी करने हेतु लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

**निबंधन एवं शर्तें:-**

1. सफल उम्मीदवार परिषद द्वारा मूल दस्तावेजों के सत्यापन और अर्हकता, आयु और अनुभव आदि से संबंधित सभी पहलुओं में अपेक्षित मानदंड पूरे करने के अधीन होंगे।
2. उपर्युक्त पद के लिए कार्यस्थल **परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली** है।
3. यह पद प्रारंभ में 1 वर्ष के लिए भरा जाएगा और कार्य-निष्पादन के आधार पर इसका विस्तार किया जा सकता है। हालाँकि, असंतोषजनक कार्य-निष्पादन, दुर्व्यवहार आदि की स्थिति में अनुबंध को पहले भी समाप्त किया जा सकता है।
4. नियुक्ति के दौरान एक माह की नोटिस अवधि को पूरा करने के बाद किसी पक्ष से किसी भी समय नियुक्ति को समाप्त किया जा सकता है।
5. अनुभव की गणना न्यूनतम अनिवार्य अर्हता पूरी करने की तारीख से की जाएगी।
6. अपूर्ण आवेदनों, निर्धारित प्रारूप में जमा न किए गए आवेदनों और बिना सहायक दस्तावेजों वाले आवेदनों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।
7. वॉक-इन-इंटरव्यू/या व्यक्तिगत चर्चा की प्रक्रिया के दौरान गलत या मिथ्या जानकारी देना किसी भी चरण में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर देगा।
8. परिषद आवश्यकतानुसार पदों की संख्या को बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
9. चूंकि यह पद पूर्ण रूप से अस्थाई आधार पर है, भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा आदि का कोई लाभ नहीं दिया जाएगा।
10. आयु में छूट परिषद/डीओपीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
11. आयु-सीमा और अनुभव, आवेदन जमा करवाने/वॉक-इन-इंटरव्यू की अंतिम तारीख़ से माना जाएगा।
12. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।
13. अनिवार्य अर्हकता/अनुभव को केवल पूरा करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
14. सरकारी विभागों/संगठनों में पहले से ही नियमित/स्थाई पदों पर कार्यरत उम्मीदवार आवेदन के पात्र नहीं हैं।
15. उपर्युक्त पद पूर्णतः अस्थाई/संविदा आधार पर भरा जाना है और उम्मीदवार का परिषद के अंतर्गत किसी भी प्रकार के स्थाई/नियमित नियोजन पर या किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने के दावे का कोई अधिकार नहीं होगा।
16. परिषद बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने और/या विज्ञापन को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है तथा किसी भी प्रकार के पत्राचार/सिफ़ारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।
17. छंटनी करने के लिए या नियोजन प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार का आंतरिक या बाहरी प्रभाव डलवाना अयोग्यता माना जाएगा, और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।
18. साक्षात्कार की तारीख में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
19. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से सभी मूल प्रमाण-पत्र साथ लाने होंगे- (1) शैक्षिक अर्हता, (2) जन्म-तिथि का प्रमाण-पत्र (3) अनुभव के प्रमाण-पत्र/प्रशंसा-पत्र, संक्षिप्त सीवी, और प्रकाशनों की एक सूची (4) हाल ही का एक स्व-सत्यापित पासपोर्ट साइज़ का छायाचित्र (5) पहचान-पत्र (आधार/पैन/मतदाता पहचान-पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) (6) सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों का एक सेट (7) एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्लूएस प्रमाण-पत्र, जहां लागू हो (8) वॉक-इन-इंटरव्यू/ व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा के समय उम्मीदवार को सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाण-पत्र/प्रशंसा-पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

20. कार्यभार ग्रहण करने के समय मूल प्रमाण-पत्र लाने में असफल रहने वाले उम्मीदवारों को चयनित पद पर कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निर्धारित तारीख़/समय के पश्चात आने वाले उम्मीदवारों को भी व्यक्तिगत चर्चा /साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
21. उपर्युक्त रिक्तियों के संबंध में किसी भी प्रकार का परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र परिषद की वेबसाइट https://main.icmr.nic.in/ पर जारी किया जाएगा तथा प्रेस में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से परिषद की वेबसाइट देखें।

सुनीता 3/9/26

(सुनीता सुगारा)
प्रशासन अधिकारी
सूचना एवं डाटा केंद्र
परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली